कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.07.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश : तीन गुणा आवेदन मिले

शहर के शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एडमिशन के लिए कड़ी स्पर्धा मची हुई है। यहाँ बी.एससी., बी.कॉम., बी.ए. आदि पाठ्यक्रमों के फर्स्ट ईयर में कुल 1100 सीटें है जिसके लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन फॉर्म भरा जा रहा है। अभी तक इन सीटों के लिए तीन गुना फॉर्म ऑनलाईन आ चुके है।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में हर वर्ष फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में जिले के बाहर से भी आवेदन आते है।

बारहवीं कक्षा की मेरीट छात्राओं की पहली पसंद गर्ल्स कॉलेज रहता है। एडमिशन के वक्त बी.कॉम. , बी.एससी. मे कटऑफ भी काफी अधिक रहता है।

इस महाविद्यालय में गृहविज्ञान, कम्प्यूटर साईंस के साथ ही बी.ए. में नृत्य, संगीत, चित्रकला की पढ़ाई भी होती है। इस सत्र में मूर्तिकला का नया विषय प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें 50 सीटों की स्वीकृति मिली है।

पोर्टल अभी भी ओपन है तथा सी.बी.एससी. के परीक्षाफल के 7 दिन बाद प्रवेश की पहली सूची जारी की जावेगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि बी.एससी.(बायो) में 150 सीटे है जिसमें अभी तक 1350 आवेदन जमा है। बी.कॉम. में 370 सीटों के विरूद्ध 756 फार्म जमा हुए है।

इसी तरह कम्प्यूटर साईंस और नृत्य, संगीत, चित्रकला में भी सीटों की संख्या से अधिक आवेदन मिलते है।

महाविद्यालय में बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. द्वितीय एवं तृतीय कक्षाओं में अध्यापन कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। समय सारिणी घोषित की गई है।

महाविद्यालय की छात्राओं का विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में बड़ी संख्या में आना तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेल विधाओं में भागीदारी, अकादमिक गतिविधियों में रूचि के कारण छात्राओं का यहाँ प्रवेश के लिए आवेदन बड़ी संख्या में मिलते है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)